“Yuva Bachao Bhavishy Bachao”
Kala Jatha - 2025
on Drug Abuse & Environmental issue.

<u>Report</u>

‘‘युवा बचाओ अभियान’’
कला जत्था–2025

संक्षिप्त रिर्पोट

हिमाचल ज्ञान विज्ञान समिति द्वारा समय–समय पर विभिन्न मुद्दों पर कला जत्थों का आयोजन किया जाता रहा है जैसे साक्षरता, शिक्षा, पर्यावरण, वैज्ञानिक जागरूकता, महिला पुरुष समानता, साम्प्रदायिकता जैसे मुदद्ों पर जिला व राज्य स्तर पर कला जत्थों को निकाला गया है। लेकिन किन्हीं कारणों से एक लम्बे अन्तराल से इस बारे कोई ठोस प्रयास नहीं हो पाया था। इस बार राज्य कमेटी की समीक्षा बैठक में इस बारे निर्णय लिया गया कि राज्य स्तर पर अगर संभव न हो तो क्षेत्रीय स्तर पर ही कला जत्था का अयोजन किया जाए। अतः निर्णय लिया गया की हिमाचल ज्ञान विज्ञान समिति व मण्डी साक्षरता एवम् जन विकास समिति के संयुक्त तत्वावधान में मण्डी, कुल्लू व हमीरपूर के 26 खण्डों में जन सहयोग से कला जत्था निकाला जाएगा। जिसके फलस्वरूप 10 नवम्बर से 25 नवम्बर, 2025 तक राज्य स्तरीय कला जत्था निकाला गया।

- 4 नवम्बर से 5 नवम्बर को स्क्रीप्ट राईटिंग जिसमें जियानन्द शर्मा व गजेन्द्र शर्मा का योगदान रहा।
- 6 नवम्बर से 9 कला जत्था कार्याशाला समिति कार्यालय सौली खडड् में आयोजित की गई जिसमें कुल 12 कलाकारों ने भाग लिया। कला जत्था प्रशिक्षण में मुख्य भूमिका गजेन्द्र शर्मा व नवीन शर्मा की रही।
- 10 नवम्बर को उपायुक्त मण्डी श्री अपूर्व देवगन जी द्वारा सेरी मंच मण्डी से कला जत्था को हरी झण्डी देकर रवाना किया गया।
- 10 नवम्बर से 25 नवम्बर तक 16 दिनों तक कला जत्था द्वारा कुल 26 खण्ड़ों में कार्यक्रम प्रस्तुत किये गये।
- कला जत्था मण्डी, हमीरपूर, कुल्लू, सोलन व शिमला जिला से होते हुए थुनाग मण्डी में पहुंचा जहां पर कला जत्था का समापन किया गया।

- कला जत्था द्वारा विभिन्न स्थानों पर कुल 37 प्रस्तुतियां दी गई। जिसमें स्कूली बच्चों, अध्यापकों, महिला मण्डल, स्वयं सहायता समूहों की महिलाओं सहित लगभग 8000 से ज्यादा लोगों ने इन कार्यक्रम अपनी उपस्थिति दर्ज की। लोगों द्वारा कला जत्था के कार्यक्रम को बहुत सराहा गया क्योंकि यह जत्था वर्तमान समय में समाज में फैल रहे नशे के उपर सीधा प्रहार करता है। आज समाज में हर अभिभावक अपने बच्चों के भविष्य के बारे में चिंतित हैं जिसके कारण इसमें लोगों का बहुत सहयोग मिला है ।